*प्रेस विज्ञप्ति*

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## पंतनगर विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय पोषण माह 2025 का समापन

पंतनगर 30 सितम्बर 2025। विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में राष्ट्रीय पोषण माह 2025 का समापन समारोह न्यूट्रिशन सोसायटी ऑफ इंडिया पंतनगर चैप्टर एवं खाद्य एवं पोषण विभाग के संयुक्त संचालन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सचिव डा. अर्चना कुशवाहा के स्वागत संदेश से हुआ तथा संयोजक डा. रीता सिंह रघुवंशी ने चैप्टर की गतिविधियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। कंसल्टेंट डायटिशियन सुश्री श्रद्धा जोशी ने Unlocking Professional Growth: Key Learnings from the NURTURE–2025 विषय पर व्याख्यान दिया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय की नियंत्रक श्रीमती आभा गर्खाल, विशिष्ट अतिथि डा. अनुराधा दत्ता, अधिष्ठाता डा. अल्का गोयल और जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री मुकुल चौधरी ने भी अपने विचार साझा किए। समारोह में पोषण माह की गतिविधियों में प्रतिभागियों को प्रमाण–पत्र एवं पुरस्कार वितरित किए गए। अंत में धन्यवाद ज्ञापन डा. नीतू डोभाल द्वारा किया गया।